राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर

महिला प्रकोष्ठ
प्रतिवेदन सत्र – 2021–22

महिला अधिकार जागरूकता एवं सक्षम महिला निर्माण की दिशा में राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय का महिला प्रकोष्ठ सत्र पर्यन्त संलग्न रहा। प्राचार्य डा. शशि सांचिहर के संरक्षण में तथा महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. अनिता कावड़िया के निर्देशन में सत्र पर्यन्त विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सत्र 2021–22 में महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों डा. मंजु त्रिपाठी, डा. कीर्ति माथुर, डा. इन्दु शर्मा, डा. मनीषा चौबीसा, डा. वैशाली देवपुरा, डा. सोफिया नलवाया, डा. अंजु बेनीवाल और डा. मंजू खत्री के द्वारा 150 (एक सौ पचास) छात्राओं का पंजीकरण किया गया।

दिनांक 22.07.2021 को कोरोना जागरूकता हेतु मास्क बनाने का कौशल विकसित करने एवं आमजन को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करते हुए फोटो भेजने का कार्य किया गया। दिनांक 23.07.2021 को "Women Corona Warriors" विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ध्वनि व्यास प्रथम, नंदिता जारोली द्वितीय तथा प्रियंका मीणा तृतीय स्थान पर रहीं। दिनांक 26.07.2021 को "Life and Life Style Effects on Our Well Being" विषय पर वेबीनार आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डा. प्रीति शर्मा, मनोवैज्ञानिक ने बताया कि जीवन को सकारात्मक तरीके से जीना चाहिये तथा गुणात्मक आनंद उठाना चाहिए। धन मनुष्य को केवल सुविधाएँ दे सकता है, आंतरिक प्रसन्नता नहीं। इसलिए जीवन की प्रत्येक परिस्थिति को अवसर के रूप में देखना याहिए। कार्यक्रम का संचालन डा. अंजु बेनीवाल ने किया। दिनांक 28.07.2021 को महिला सशक्तिकरण विषय आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म "घर की मुर्गी" छात्राओं को दिखाई गई जिसमें घरेलू महिला को सम्मान दिलाने, उसकी दायित्वपूर्ण भूमिका को पहचानने तथा उसके पति संवेदनशील रवैया अपनाने का संदेश दिया गया है। प्रारम्भ में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. अनिता कावड़िया ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पक्ष समझाये। सत्र संचालन डा. अंजु बेनीवाल ने किया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन के प्श्चात हुई परिचर्चा में प्रियंका कुमारी ने फिल्म को प्रेरक बताते हुए पुनः प्रदर्शन की इच्छा व्यक्त की, कंकु मुमारी ने डॉक्यूमेंट्री से मिलते–जुलते अपने निजी जीवन के अनुभव साझा किये तथा छात्रा भारती गमेती ने महिलाओं की वर्तमान स्थिति में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।



नबम्बर माह में “महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक आत्मनिर्भता“ आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में लक्ष्मी कुमारी मीणा, तृतीय वर्ष कला प्रथम, ललिता रजक तृतीय वर्ष कला द्वितीय एवं अरूणा कलासुआ द्वितीय वर्ष कला तृतीय स्थान पर रहीं। दिनांक 08.03.2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित छः दिवसीय रोजगारोन्मुखी कार्यशाला “सीखो और कमाओ“ का समापन समारोह आयोजित किया गया तथा छात्राओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यशाला में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से स्टेन्सिल पेंटिंग, पुराने वस्त्रों से कुशन कवर, पिलो कवर, डिजाइनर बैग्स, मास्क कशीदाकारी, ट्राइबल ज्वेलरी, हैंड मेड चप्पल, लिफाफे बनाने तथा विभिन्न प्रकार के दुपट्टे ड्रेपिंग (20 प्रकार) करना सिखाया गया। कार्यशाला में 55 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
महिला प्रकोष्ठ

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय

महिला प्रकोष्ठ

उदयपुर (राज.)

महिला प्रकोष्ठ

महिला प्रकोष्ठ
GPS Map Camera
Udaipur, RJ, India
Madhuban, Udaipur, 313004,
Lat 24.595805, Long 73.694004
03/07/2022 12:21 PM

महिला प्रकोष्ठ

महिला प्रकोष्ठ
अमृत महोत्सव

GPS Map Came
Udaipur, RJ, India
Madhuban, Udaipur, 313004,
Lat 24.595805, Long 73.694004
03/07/2022 12:20 PM

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
महिला प्रकोष्ठ
कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला
MAN UTD
MAN UTD
MAN UTD
MAN UTD
MAN UTD
MAN UTD

महिला प्रकोष्ठ
GPS Map Camera
Udaipur, RJ, India
Madhuban, Udaipur, 313004,
Lat 24.594974, Long 73.694478
03/04/2022 12:23 PM

कार्यशाला में प्राचार्य डा. शशि सांचिहर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उनका आत्मनिर्भर होना काफी हद तक आवश्यक है। इस दृष्टि से यह कार्यशाला अत्यन्त महत्वपूर्ण थी एवं पूर्ण सफल रही। छः दिवसीय "सीखो और कमाओ" रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षक डा. ममता कावडिया थी। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. शिप्रा लवानिया ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि छात्राऍं अपनी क्षमताओं और योग्यता को पहचाने, अपनी आंतरिक शक्ति को मजबूत बनाएं एवं अपने जीवन की निर्णयकर्त्ता स्वयं बनें।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. अनिता कावड़िया ने कार्यशाला के छः दिनों में दिये गये प्रशिक्षण का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छात्राओं ने कार्यशाला का फीडबैक देते हुए इसे प्रतिवर्ष करवाये जाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन डा. अंजु बेनीवाल ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में महिला प्रकोष्ठ की सभी सदस्य डा. मंजू त्रिपाठी, डा. इंदु शर्मा, डा. वैशाली देवपुरा, डा. मनीषा चौबीसा, डा. अनुपमा गोदारा तथा डा. मंजु खत्री ने सक्रिय सहयोग दिया।

(डा. अनिता कावड़िया)
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ